Deendayal Upadhyaya Gorakhpur University, Gorakhpur ,UP.India
Media and Public Relations Office

दिनांकः 17 / 07 / 2022

प्रकाशनार्थ

**इंफ्रास्ट्रक्चर, नैक ग्रेडिंग तथा स्टूडेंट के फीडबैक के आधार पर चयनित होंगे उत्कृष्ट विभाग एवं महाविद्यालय**

गोरखपुर। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय द्वारा विवि के तीन सर्वश्रेष्ठ विभाग, सम्बद्ध अनुदानित तथा स्ववित्तपोषित कॉलेजो को पुरस्कृत किया जाएगा।

चयन के लिए विभागों तथा कॉलेजों का इंफ्रास्ट्रक्चर, स्टूडेंट का फीडबैक तथा नैक में ग्रेडिंग आदि मापदंडों को आधार बनाया गया है।

कुलपति प्रो. राजेश सिंह ने कहा कि 15 अगस्त को विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले तीन विभागों, तीन अनुदानित कॉलेजों के साथ साथ तीन स्ववित्तपोषित कॉलेजों को पुरस्कृत किया जाएगा। इसे लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से आवेदन फार्म उपलब्ध कराया जाएगा। इच्छुक विभागों और कॉलेज इसमें आवेदन करेंगे।

आवेदन प्राप्त होने के बाद एक चयन समिति निर्धारित मापदंडों के आधार पर उत्कृष्ट विभागों तथा महाविद्यालयों का चयन करेगी। इन विभागों तथा महाविद्यालयों को स्वतंत्रा दिवस के अवसर पर कुलपति प्रोफेसर राजेश सिंह सम्मानित किया जाएगा।

Media and Public Relations Officer
Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur
University, Gorakhpur